दिन– मंगलवार दिनांक– 04 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि:– 15 मिनट

---

01. संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज भी जारी रहेगी।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– बिहार में रेल परियोजनाओं पर दस हजार करोड़ रूपये से अधिक की धन राशि खर्च की जायेगी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज विभिन्न विभागों में चयनित लगभग सात हजार कनीय अभियंता और अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

04. और, शिक्षा विभाग ने ईंट–भट्ठों के कामगारों के बच्चों का दाखिला नजदीक के स्कूलों में कराये जाने के निर्देश दिये।

———————————————————

संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज भी जारी रहेगी। कल लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा में भाग लेते हुये भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सदन में विपक्षी दलों के व्यवहार की आलोचना करते हुए कहा कि महाकुंभ हादसा के बारे में लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

–––बाईट–––

सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में लोजपा रामविलास की शांभवी चौधरी, जदयू के दिलेश्वर कामैत और राजद के अभय कुमार सिन्हा ने भी भाग लिया।

———————————————————

इधर, राज्यसभा में राजद के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने कहा कि महाकुंभ हादसा के बारे में सरकार को सदन में विस्तृत जानकारी देनी चाहिए।

–––बाईट–––

———————————————————

भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि पार्टी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी सौंपा। उन्होंने कहा कि श्री पप्पू यादव की टिप्पणी संसदीय परंपराओं और आचरण का उल्लंघन है।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने राजगीर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, रक्सौल में ब्राउन फील्ड और बिहटा तथा पूर्णियां हवाई अड्डे पर नये सिविल इन्क्लेव के विकास को मंजूरी दे दी है। राज्यसभा में सांसद उपेन्द्र कुशवाहा के सवाल का जवाब देते हुये नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि उड़ान योजना के तहत देशभर में अट्ठाईस हवाई अड्डे को क्रियाशील किया गया है। एक अन्य सवाल के जवाब में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि सोन नदी पर बनने वाले कदवन जलाशय का नाम बदलकर इन्द्रपुरी जलाशय कर दिया गया है।

———————————————————

बिहार में रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार छियासठ करोड़ से अधिक की धन राशि का आवंटन किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दस वर्ष पहले रेलवे के लिये किये गये आवंटन से यह धन राशि नौ गुना अधिक है।

———बाईट———

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बताया कि इस धनराशि से बिहार में रेलवे लाईनों का दोहरीकरण, विद्युतीकरण और स्टेशनों के विकास में मदद मिलेगी।

———बाईट———

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि राज्य में अंठानवें अमृत भारत स्टेशनों का निर्माण हो रहा है। यह भविष्य के नये आर्थिक केंद्र के रुप में विकसित होंगे।

———बाईट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज विभिन्न विभागों में चयनित लगभग सात हजार कनीय अभियंता और अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

यह समारोह पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद सभागार में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री कुछ चुनिंदा अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र देंगे। शेष अभ्यर्थियों को विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किये जायेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज पटना में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी। इसमें मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं को स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट प्रारूप को भी मंजूरी दिये जाने की सम्भावना है।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह कला संस्कृति मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश के कलाकारों की श्रेणी तैयार कर उनकी सूची बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी विधाओं के कलाकारों की ग्रेडिंग तय की जायेगी और उन्हें मंच देने के साथ ही उनके प्रशिक्षण दोनों की व्यवस्था की जायेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में पहली बार वसंत उत्सव की शुरूआत की गयी है। इस आयोजन के लिए प्रत्येक जिलों को कला और संस्कृति विभाग ने दो–दो लाख रूपये जारी कर दिये हैं।

———————————————————

प्रदेश में ईंट–भट्ठा सहित अन्य औद्योगिक संस्थान और निर्माण स्थलों पर काम करने वाले कामगारों के छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों का दाखिला नजदीक के सरकारी या निजी स्कूल में कराया जायेगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजा है। इसके अनुसार ऐसे श्रमिकों के बच्चों को चिन्हित किया जायेगा, जिनका किसी भी स्कूल में नामांकन नहीं है। इन बच्चों का नामांकन अकादमिक सत्र में किसी भी समय किया जा सकता है। गौरतलब है कि हाल ही में अपर मुख्य सचिव ने नवादा जिले में स्कूलों का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ईंट–भट्ठों पर जा कर वहां काम करने वाले कामगारों और उनके बच्चों से बातचीत की। इसके बाद यह निर्देश जारी किये गये हैं।

———————————————————

देश में अट्ठाईस जनवरी तक तीस करोड़ अंठावन लाख से अधिक असंगठित श्रमिकों ने ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया है कि एक जनवरी से इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस तक, ई–श्रम पोर्टल पर एक करोड़ तेईस लाख़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किया गया। मंत्रालय ने आधार से जुड़े असंगठित श्रमिकों के राष्ट्रीय डेटाबेस के निर्माण के लिए छब्बीस अगस्त दो हजार इक्कीस को पोर्टल शुरु किया था। इसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करना है।

———————————————————

नगर विकास और आवास विभाग प्रदेश के सभी दो सौ इकसठ नगर निकायों में नये पार्क का निर्माण करायेगा। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने सभी नगर निगम

के आयुक्त और नगर परिषद तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को पार्क के लिए स्थल चयन कर इसका विवरण भेजने का निर्देश दिया है। पार्क के लिए कम से कम पांच एकड़ भूमि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन हरियाली मिशन या किसी अन्य मद से पार्क निर्माण के लिए विभाग को राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

———————————————————————

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल एक दिवसीय दौरे पर पटना आयेंगे। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मंत्री जगलाल चौधरी की जयंती समारोह में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान पच्चीस से तीस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। हालांकि हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। आज सुबह सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णियां और आस–पास के जिलों में घना कुहासा देखा गया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———बाईट———

———————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित किये जा रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ी मेडल की दौड़ में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पटना के जमील ने अंडर ट्वेंटी फाईव लॉन बॉल पुरूष एकल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाईनल में झारखंड के खिलाड़ी को इक्कीस–दस से हरा दिया। इसके साथ ही वे सेमीफाईनल में पहुंच गये हैं। वहीं, तीरंदाजी प्रतियोगिता के रैंकिंग राउंड में बिहार की अंशिका कुमारी और पूनम कुमारी ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है।

———————————————————————

प्रदेश के अठहत्तर हजार से अधिक सरकारी विद्यालयों की स्वच्छता रैंकिंग पचास मानकों पर तय की जायेगी। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने स्वच्छता रैंकिंग की कार्य योजना तैयार कर सभी जिलों को दिशा–निर्देश भेज दिये हैं। हर मानक के लिए दो–दो अंक निर्धारित किये गये हैं। कुल सौ अंकों के आधार पर स्वच्छ विद्यालय की पहचान की जायेगी। परिषद के अनुसार स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले

विद्यालय जिला और राज्य स्तर पर पुरस्कृत किये जायेंगे। विभाग इसके लिए एक एप तैयार कर रहा है। इसके माध्यम से विद्यालय स्वयं स्वच्छता मानकों के आधार पर डाटा ऑनलाईन भेज सकते हैं।

——————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– बिहार में रेल सुविधाओं पर खर्च होंगे दस हजार छियासठ करोड़ रूपये।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर तुलनात्मक आंकड़ों के साथ लिखा है– यूपीए सरकार की तुलना में बिहार को रेलवे में नौ गुना आवंटन।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– भारतवंशी गायिका चंद्रिका टंडन को त्रिवेणी एल्बम के लिए मिला ग्रैमी अवार्ड।

प्रभात खबर ने सर्वोच्च न्यायालय के हवाले से लिखा है– बीपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगा जवाब।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– दिल्ली और आस–पास के शहरों में भी चलेगी नमो भारत ट्रेन।

आज अखबार लिखता है– सोनिया और पप्पू यादव को विशेषाधिकार हनन का नोटिस।

——————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज भी जारी रहेगी।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– बिहार में रेल परियोजनाओं पर दस हजार करोड़ रूपये से अधिक की धन राशि खर्च की जायेगी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज विभिन्न विभागों में चयनित लगभग सात हजार कनीय अभियंता और अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

04. और, शिक्षा विभाग ने ईंट–भट्ठों के कामगारों के बच्चों का दाखिला नजदीक के स्कूलों में कराये जाने के निर्देश दिये।

——————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।